स्वास्थ्य क्षेत्र में मॉनीटरिंग तंत्र को कर रहे मजबूत

नवजात और मातृ स्वास्थ्य संकेतकों में लगातार सुधार

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 16 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सशक्त एवं उन्नत बनाया जा रहा है. प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के साथ ही उनकी सतत एवं सशक्त निगरानी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण उपचार सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें.

महिला एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार द्वारा आधुनिक स्वास्थ्य अधोसंरचना, विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं एवं प्रभावी मॉनिटरिंग तंत्र को मजबूत किया जा रहा है. इन प्रयासों से प्रदेश में नवजात एवं मातृ स्वास्थ्य संकेतकों में सतत सुधार दर्ज किया जा रहा है.

राज्य में जन्म के समय कम वजन वाले, समय पूर्व जन्मे एवं जन्म के समय गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं के बेहतर उपचार और नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाइयां प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं. इन इकाइयों से नवजात शिशुओं को विशेषज्ञ उपचार, आधुनिक चिकित्सा उपकरण एवं प्रशिक्षित चिकित्सकीय देखरेख उपलब्ध कराई जा रही है. वर्ष 2024-25 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025-26 में नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाइयों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है. वर्ष 24-25 में जहां 1 लाख 29 हजार 212 नवजात शिशुओं को उपचार प्रदान किया गया था, वहीं वर्ष 25-26 में यह संख्या बढ़कर 1 लाख 34 हजार 410 तक पहुँच गई है. साथ ही नवजात शिशुओं की सफलतापूर्वक डिस्चार्ज दर भी अब तक के सर्वोत्तम स्तर 82.3 प्रतिशत पर पहुंच गई है। राज्य में संचालित 62 एसएनसीयू में इस वर्ष 1 अप्रैल से 15 मई 2026 तक कुल 15 हजार 54 नवजात शिशुओं को उपचारित किया गया, जिनमें से 12 हजार 818 नवजात शिशुओं को सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया. राज्य शासन द्वारा नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाइयों में उपलब्ध बिस्तरों की संख्या में भी वृद्धि की गई है.

अब डिजिटल माध्यम से मिलेगी पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना की जानकारी

भोपाल. मंत्री राकेश शुक्ला एवं मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ऊर्जा विकास निगम के व्हाट्सऐप चैटबॉट एवं प्रचार वीडियो का शुभारंभ करेंगे. प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का डिजिटली प्रचार-प्रसार करने के लिये एमपीयूवीएनएल एवं काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवॉयरनमेंट एंड वॉटर के सहयोग से 18 मई सोमवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में व्हाट्सऐप चैटबॉट एवं प्रचार वीडियो लॉन्च किया जाएगा. व्हाट्सऐप चैटबॉट और प्रचार वीडियो से नागरिकों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी सरल एवं डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी. इससे योजना के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ेगी और नागरिकों को आवेदन एवं सोलर संयंत्र लगाने की प्रक्रिया को समझने में मदद मिलेगी.

मंत्रालय के गलियारे से

कन्हैया लोधी

जब वक्त खराब होता है...

एक कहावत है कि जब वक्त खराब होता है तो ऊंट में बैठे आदमी को भी कुत्ता काट लेता है. ये कहावत कुद-कुछ हाल ही में निगम-मंडल में अध्यक्ष पद को सुशोषित करने का अरमान पाले नेता जी पर लागू हो रही है. लंबे समय से प्रतीक्षारत नेताजी को अध्यक्ष बनाया गया तो फिर नेताजी ने राजधानी में शक्ति प्रदर्शन कर अपनी ताकत का लोहा मनवाना चाहा, लिहाजा सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ राजधानी आ धमके. इससे पहले पीएम मोदी लोगों से पेट्रोल-डीजल बचाने का आग्रह कर ही चुके थे. सीएम ने भी कुछ इसी तरह की अपील की थी, लेकिन लगता है कि नए-नवेले अध्यक्ष अति उत्साह में इस अपील को सुन ही नहीं पाए, नतीजा अब उनसे अधिकार वापस लेकर वेट एवं वॉच की स्थिति में डाल दिया गया है. अब कुर्सी बचाने के लाले पड़ गए हैं.

रिटायर्ड आईएएस का जलवा

सरकार में एक रिटायर्ड आईएएस का जलवा और दबदबा लगातार बढ़ रहा है. ये साहब कभी पहले भी सरकार के कृपा पात्र रहे हैं और अब मौजूदा दौर में भी वे कृपा पात्र बन गए हैं. उन्हें सरकार में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है. उनकी जिम्मेदारी की बानगी पिछले दिनों उनके एक आदेश में भी दिखी. हांलाकि सवाल भी उठे कि रिटायर्ड साहब को भले ही बड़ी जिम्मेदारी मिली हो, लेकिन क्या वे बड़ ताकतवर आदेश भी जारी कर सकते हैं. बहरहाल जो भी हो, उनकी सरकार में पकड़ लगातार बढ़ती जा रही है. सरकार उनके अनुभव का पूरा लाभ लेने लगी है. अब देखना ये है कि ये नया दौर कब तक चलता है.

इस अदा पर सब फिदा

मप्र से जुड़े एक केंद्रीय मंत्री की एक अदा पर सब फिदा हो गए हैं. पिछले दिनों उन्होंने कुछ ऐसा किया, जो कि सामान्य तौर पर उनसे उम्मीद नहीं की जाती, साहब का मिजाज राजशाही है, लिहाजा लोग उसी राजशाही अंदाज की अपेक्षा करते हैं, लेकिन राजनीति के नए परिवेश में रच-बस गए साहब अब पब्लिकली ज्यादा कनेक्ट हो रहे हैं. उन्होंने वे दूरियां जो पहले महसूस होती थी, उसे लगभग पाट ही दिया है. उनके इस अंदाज की एक बागनी पिछले दिनों देखने मिली, जब वे चाय बागान में चाय की पत्ती तोड़ते नजर आए, इतना ही नहीं वे तो चाय बागान के मजदूरों की तरह टोकरी भी पीठ पर टांग ली थी. वैसे चाय बागान के साथ पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास का जिम्मा भी साहब के ही कंधे पर है.

सनातन को लेकर उलाहना और परस्पर सम्मान

राजनीति में शुचिता और परस्पर एक-दूसरे का सम्मान कैसे किया जाता है, ये पिछले दिनों एक पूर्व मुख्यमंत्री ने दिखाया. वे मालवा में थे, जहां उनका सामना सत्ता पक्ष की ही एक फायर ब्रांड नेत्री से हो गया. बस फिर क्या था, दोनों ही सनातन के मामले में चर्चा के दौरान एक-दूसरे को उलाहना देते हुए कटघरे में खड़ा करते रहे, लेकिन उनके संवाद में गरिमा, आत्मीयता और परस्पर सम्मान बरकरार रहा. भले ही वे अलग- अलग दलों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, दोनों ही नेताओं के इस अंदाज के वहां मौजूद सभी लोग कायल दिखे.

लॉरेंस गैंग को शूटर सप्लाई करने वाले राहुल बाबा की तलाश, इनाम घोषित

- पुलिस ने 10 हजार रुपए का इनाम किया घोषित
- राहुल को पकड़ने के लिए किया एसआईटी का गठन

नव भारत न्यूज

इंदौर. लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर व्यापारियों और बिल्डरों को धमकी देने के मामलों में बड़ा खुलासा हुआ है. गैंग को देवास का राहुल उर्फ बाबा शूटर उपलब्ध कराता था. क्राइम ब्रांच अब शूटर उपलब्ध कराने वाले आरोपी राहुल की तलाश कर रही है, पुलिस ने उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है.

प्रदेशभर में सक्रिय लॉरेंस गैंग के नेटवर्क को लेकर क्राइम ब्रांच लगातार कार्रवाई कर रही है. जैसे-जैसे कार्रवाई आगे बढ़ रही है, नए-नए खुलासे हो रहे हैं. क्राईम ब्रांच के सामने जांच के दौरान एक और बदमाश कुलदीप चौहान का नाम आया, जो कि खरगोन जेल में बंद था. पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है. पूछताछ में सामने आया है कि कुलदीप चौहान ही गैंग को हथियार उपलब्ध करवाता था.

राहुल ही सुपारी लेकर वारदात के लिए भेजता है शूटरों को

क्राइम ब्रांच को इनपुट मिला है कि राहुल बाबा के पास अपराधी प्रवृत्ति के कई युवक हैं, जिन्हें वह सुपारी लेकर अलग-अलग घटनाओं में इस्तेमाल करता है. आरोपी की तलाश के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है. डीसीपी का कहना है कि राहुल बाबा की गिरफ्तारी से लॉरेंस गैंग के बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है, जिससे प्रदेश में हो रही धमकी और फायरिंग की घटनाओं पर लगाम लगाई जा सकेगी.

पर्यटन निगम चलाएगा ग्रैंड होटल

- निगम खाली करा रहा परिसर
- पर्यटन विकास निगम करेगा संचालन
- यूको बैंक, सरकारी आवास और कार्यालय होंगे शिफ्ट

नवभारत न्यूज

उज्जैन. सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के साथ धार्मिक नगरी उज्जैन का स्वरूप तेजी से बदल रहा है. महाकाल मंदिर, महाकाल लोक और शहर की पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के बीच अब शहर के हृदयस्थल में स्थित ऐतिहासिक ग्रैंड होटल को नए और भव्य रूप में विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है. नगर निगम द्वारा वर्षों से संचालित इस प्रतिष्ठित भवन का संचालन अब मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (एमपीएसटीडीसी) को सौंपा जा रहा है. निगम ने इसके कायाकल्प, जीर्णोद्धार और आधुनिक सुविधाओं से युक्त विकास कार्यों के लिए निविदाएं भी जारी कर दी हैं.

ब्रिटिश कालीन इमारत- ब्रिटिशकालीन स्थापत्य शैली में निर्मित ग्रैंड होटल को उसकी मूल ऐतिहासिक पहचान के साथ संरक्षित रखते हुए हेरिटेज होटल के रूप में विकसित किया जाएगा. इसका उद्देश्य देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और महाकाल भक्तों को एक ऐतिहासिक, आकर्षक और सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराना है. महाकालेश्वर मंदिर और महाकाल लोक आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह एक विशेष ठहराव केंद्र बनेगा. साथ ही होटल के किराए को आम श्रद्धालुओं और मध्यम वर्ग की पहुंच में रखने का प्रयास किया जाएगा.

स्वामित्व नगर निगम के पास- ग्रैंड होटल की भूमि और भवन का स्वामित्व नगर निगम उज्जैन के पास ही रहेगा. पर्यटन विकास निगम केवल संचालन, रखरखाव और विकास कार्यों की जिम्मेदारी संभालेगा. होटल से प्राप्त होने वाली आय में नगर निगम की भी हिस्सेदारी तय की गई है. इस व्यवस्था से नगर निगम को नियमित राजस्व प्राप्त होगा और भवन की ऐतिहासिक गरिमा भी सुरक्षित रहेगी.

परिसर खाली कराने की कार्रवाई शुरू-नगर निगम ने ग्रैंड होटल परिसर में रखे विभागीय रिकॉर्ड, फर्नीचर और अन्य सामग्री को संबंधित विभागों में स्थानांतरित करना शुरू कर दिया है. परिसर में स्थित सरकारी बंगले और आवास भी चरणबद्ध रूप से हटाए जाएंगे. यहां संचालित यूको बैंक शाखा को नगर निगम परिसर में स्थानांतरित किए जाने की तैयारी है. वर्षों से यहां आयोजित होने वाले शादी-विवाह और मांगलिक कार्यक्रमों का स्थान अब पर्यटन गतिविधियां लेंगी.

तो भूमि वापस लेने का प्रावधान-प्रशासनिक आदेशों में यह स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समय सीमा में भूमि और भवन का उपयोग तय उद्देश्य के अनुरूप नहीं किया गया, तो आवंटन निरस्त कर संपत्ति पुनः शासन या नगर निगम के अधीन लाई जा सकेगी. इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि परियोजना समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरी हो.

आसपास की जमीन पर बनेगी योजना

केवल ग्रैंड होटल ही नहीं, बल्कि इसके आसपास की विस्तृत सरकारी भूमि के उपयोग पर भी गंभीर मंथन चल रहा है. इंदिरा गांधी चौराहे से फ्रीगंज ब्रिज के मुहाने तक तथा ग्रैंड होटल के मुख्य द्वार से टावर चौक के पीछे तक के क्षेत्र के लिए समग्र विकास योजना तैयार की जा रही है. वर्षों से हुए अवैध निर्माण, अतिक्रमण और सरकारी जमीन पर संचालित निजी गतिविधियों की समीक्षा की जा रही है. इस क्षेत्र को पर्यटन, सौंदर्यीकरण और सार्वजनिक सुविधाओं के दृष्टिकोण से विकसित किया जाएगा.

आसपास की जमीन पर बनेगी योजना

केवल ग्रैंड होटल ही नहीं, बल्कि इसके आसपास की विस्तृत सरकारी भूमि के उपयोग पर भी गंभीर मंथन चल रहा है. इंदिरा गांधी चौराहे से फ्रीगंज ब्रिज के मुहाने तक तथा ग्रैंड होटल के मुख्य द्वार से टावर चौक के पीछे तक के क्षेत्र के लिए समग्र विकास योजना तैयार की जा रही है. वर्षों से हुए अवैध निर्माण, अतिक्रमण और सरकारी जमीन पर संचालित निजी गतिविधियों की समीक्षा की जा रही है. इस क्षेत्र को पर्यटन, सौंदर्यीकरण और सार्वजनिक सुविधाओं के दृष्टिकोण से विकसित किया जाएगा.

महिला कांग्रेस ने किया आंदोलन

- बढ़ती कीमतों के खिलाफ किया अनोखा प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

भोपाल, 16 मई. पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को अनोखा प्रदर्शन किया.

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नानके पेट्रोल पंप पर स्कूटी को धक्का लगाकर 'धक्कामार आंदोलन' चलाया और केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है. पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार हो रही वृद्धि से मध्यम वर्गीय परिवारों, महिलाओं, नौकरीपेशा लोगों और छोटे व्यापारियों की परेशानियां बढ़ गई हैं. कार्यकर्ताओं ने कहा कि अब आम लोगों के लिए वाहन चलाना भी मुश्किल होता जा रहा है.

तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला पर बाघ का हमला, मौत

उमरिया. जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुदरी में शनिवार सुबह तेंदूपत्ता तोड़ने गई एक 30 वर्षीय पर बाघ ने हमला कर दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई.

उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुदरी में शनिवार सुबह तेंदुपत्ता तोड़ने गई महिला के ऊपर बाध ने हमला कर दिया, जिससे महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है. मृतक महिला की पहचान ममता यादव ग्राम कुदरी बताई गई है. घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग एवं पुलिस को मिलते ही घटनास्थल पर वन एवं पुलिस टीम पहुंचकर मामले की जांच कर रही है.

टोंककला फैक्ट्री ब्लास्ट : अलर्ट मोड में प्रशासन

खंडवा. टोंककला फैक्ट्री ब्लास्ट मामले के बाद खंडवा जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है. संभावित हादसों को रोकने और सुरक्षा व्यवस्थाओं की पड़ताल के लिए छैगांवमाखन और देशगांव क्षेत्र में संचालित पटाखा गोदामों पर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने सघन निरीक्षण अभियान चलाया. पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारनेकर के मार्गदर्शन में हुई.

राजीव गांधी का नाम हटाने का किया विरोध

अजय ने आरजीपीवी के विभाजन के प्रस्ताव पर जताई चिंता

विशेष संवाददाता

भोपाल, 16 मई. पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय के विभाजन और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम हटाने के कथित प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है.

उन्होंने इस कदम को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य कांग्रेस के दिवंगत नेता की विरासत को मिटाना है. शनिवार को जारी बयान में अजय सिंह ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय को तीन अलग-अलग इकाइयों में बांटने के प्रस्ताव का शिक्षा व्यवस्था में सुधार या प्रशासनिक दक्षता से कोई लेना-देना नहीं है. उनके अनुसार, इस पूरी कवायद का वास्तविक उद्देश्य राजीव गांधी के नाम और उनकी पहचान को विश्वविद्यालय से हटाना है. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री रहते हुए राजीव गांधी ने देश में कंप्यूटर युग की शुरुआत की थी और डिजिटल परिवर्तन की मजबूत नींव रखी थी.

महापुरुषों के योगदान को मिटाने की कोशिश...

भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय नेताओं को संकीर्ण राजनीतिक दृष्टिकोण से देखना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है. उन्होंने आरोप लगाया कि महापुरुषों के योगदान को मिटाने की कोशिश शासन नहीं बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध की मानसिकता को दर्शाती है. अजय सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और प्रदेश की जनता इस प्रस्ताव का हर स्तर पर विरोध करेगी.

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मिला तेंदुए का शव

उमरिया. जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शुक्रवार देर रात को मझौली कक्ष में एक तेंदुए का शव मिला है जिसका शव परीक्षण उपरांत अंतिम संस्कार कर दिया गया है. बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया है कि शुक्रवार को बीट मझौली कक्ष क्रमांक आर.एफ. 404 में गश्त के दौरान बांस भीरे की ओर से दुर्गंध आने पर पास जाकर देखा गया तो एक तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया. जिस पर एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया.

कई शहरों में तपिश भरी गर्मी से हाल बेहाल

37 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी

इंदौर, 16 मई. मध्य प्रदेश में गर्मी अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है. प्रदेश के कई शहरों में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया है और लू ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है. सबसे ज्यादा गर्म खंडवा रहा, जहां पारा 45.1 डिग्री दर्ज किया गया.

मौसम विभाग ने प्रदेश के 37 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी करते हुए अगले चार दिनों तक राहत नहीं मिलने की चेतावनी दी है. इंदौर, उज्जैन, रतलाम, धार और देवास में तीव्र लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. वहीं भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, हरदा, खरगोन और बड़वानी समेत कई जिलों में गर्म हवाएं लोगों को झुलसाएंगी. मौसम विभाग के अनुसार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक हालात सबसे ज्यादा गंभीर रहेंगे.

शहरों का तापमान

खंडवा-	45.1 डिग्री
शाजापुर -	44.6 डिग्री
खरगोन-	44.2 डिग्री
रतलाम-	44 डिग्री
भोपाल-	42.8 डिग्री
उज्जैन-	42.5 डिग्री
इंदौर-	41.8 डिग्री
जबलपुर-	41.8 डिग्री
ग्वालियर-	40.9 डिग्री

गर्मी के साथ मौसम का बदला हुआ मिजाज भी देखने को मिल रहा है. एक ओर कई जिले तेज धूप और लू से परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ हिस्सों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने नुकसान पहुंचाया. कटनी में ओले गिरे, जबकि उमरिया में बारिश से खरीदी केंद्रों में रखा गेहूं भीग गया. सागर, जबलपुर, छिंदवाड़ा और रायसेन में भी शाम के समय मौसम बदला. मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे के मुताबिक 19 मई तक प्रदेश में भीषण गर्मी बनी रह सकती है.

चिंता | पटवारी ने सरकार पर भय, अन्याय और असुरक्षा का वातावरण पैदा करने का लगाया आरोप

आदिवासियों में बढ़ रही असुरक्षा की भावना

विशेष संवाददाता

भोपाल, 16 मई. प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों और आदिवासी समाज के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर गहरी चिंता जताते हुए भाजपा सरकार पर भय, अन्याय और असुरक्षा का वातावरण पैदा करने का आरोप लगाया.

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश लगातार तीसरे वर्ष बुजुर्गों के लिए देश का सबसे असुरक्षित राज्य बना हुआ है. पटवारी ने दावा किया कि पिछले तीन वर्षों में वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हुई है. वर्ष 2024 के अपराध आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में बुजुर्गों से जुड़े छह हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, यौन अपराध, लूट, डकैती, घरेलू हिंसा और साइबर अपराध शामिल हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2024 में राज्य में 144 बुजुर्गों की हत्या हुई.

उन्होंने कहा कि पेंशन और संपत्ति विवादों के कारण परिवारों के भीतर ही बुजुर्गों के साथ प्रताड़ना, मारपीट और अपमान की घटनाएं बढ़ रही हैं. पटवारी ने इसे केवल कानून-व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि समाज में संवेदनशीलता के क्षरण का संकेत बताया. कांग्रेस नेता ने राज्य सरकार से वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए विशेष राज्यव्यापी अभियान चलाने की मांग की. उन्होंने सामाजिक संगठनों, जन प्रतिनिधियों और सामुदायिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी कार्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया.

> आदिवासी समाज के खिलाफ अत्याचारों का मुद्दा उठाते हुए पटवारी ने आरोप लगाया कि आदिवासियों के विरुद्ध अपराधों के मामले में मध्य प्रदेश देश में पहले स्थान पर है. उन्होंने दावा किया कि एनसीआरबी के वर्ष 2024 के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में आदिवासियों के खिलाफ 3,165 मामले दर्ज हुए, जो देशभर के कुल मामलों का लगभग 32 प्रतिशत हैं.

> पटवारी ने भाजपा सरकार पर प्रशासनिक विफलता का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ नागरिकों, आदिवासियों और कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने, दोषियों को त्वरित सजा दिलाने तथा पीड़ित परिवारों को न्याय सुनिश्चित करने की मांग की.

दीवार कूद रहे किशोर के जबड़े से आर-पार निकला सरिया

- रहवासियों और डॉक्टर की सूझबूझ ने बचाई जान

नवभारत न्यूज

खरगोन/ बड़वाह. बड़वाह के जयंती माता रोड पर एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया. यहां खेल-खेल में सीआईएसएफ परिसर की बाउंड्रीवाल फांद रहे किशोर के जबड़े से लोहे का सरिया आर-पार निकल गया. गंभीर हादसा देखते ही रहवासियों ने तत्परता दिखाई और तुरंत किशोर को अस्पताल रवाना किया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रैफर कर दिया.

जानकारी अनुसार टैटू पिता बलराम (17) निवासी जयंती माता रोड, बड़वाह मोहल्ले के दोस्तों के साथ खेल रहा था. इसी दौरान साथियों ने उसकी चप्पल सीआईएसएफ बाउंड्रीवाल के दूसरी तरफ फेंक दी. टैटू अपनी चप्पल लेने के लिए जैसे ही बाउंड्रीवाल लांघने लगा, अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और दीवार पर लगा नुकीला सरिया उसकी गर्दन के ऊपरी हिस्से (जबड़े) को चीरता हुआ आर-पार हो गया. यह खौफनाक मंजर देख साथ खेल रहे बच्चों के होश उड़ गए. उन्होंने तुरंत शोर मचाकर परिजन और आसपास के लोगों को मौके पर बुलाया. लोगों ने समझदारी दिखाई और किशोर के गले से जबरन सरिया खींचने की कोशिश नहीं की बल्कि तुरंत कटर मशीन का इंतजाम किया और करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दीवार से सरिए को काटा गया. जबड़े में फंसे सरिए के टुकड़े के साथ ही टैटू को तुरंत बड़वाह सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे इंदौर रैफर कर दिया. इंदौर के अस्पताल में डॉक्टरों की विशेष टीम ने आपरेशन कर जबड़े में फंसे सरिए को निकाला. डॉक्टरों के मुताबिक अब किशोर की हालत खतरे से बाहर है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60